वार्षिक रिपोर्ट

Annual Report

1994 - 95



सत्यमेव जयते

भारतीय डाक विभाग

Department of Post, India

Post Shoppe in Parliament Street Head Post Office, New Delhi.

विषय सूची

भाग 1 : वार्षिक रिपोर्ट (1993-94)

पुनरीक्षा	5
संगठन	7
डाक प्रचालन	8
डाक वित्त	16
मानव संसाधन	20
भाग 2 : वार्षिक रिपोर्ट (1994-95)	23

CONTENTS

Part 1 : Annual Report (1993-94)

Overview	28
Organisation	30
Postal Operations	31
Postal Finance	39
Human Resources	43
Part 2 : Annual Report (1994-95)	46
Statistical Supplements	50

भाग-1
वार्षिक रिपोर्ट
1993-94

पुनरीक्षा

भारतीय डाक प्रणाली के चार स्तंभ है- इसकी सार्वभौमिकता, सेवाओं के अलग-अलग घटकों का सांविधिक संरक्षण, दरों का संसदीय विनियमन तथा डाक या धन प्रेषण के लिए समुचित दायित्व। डाकघर नेटवर्क में डाकघरों की संख्या 1,52,786 हो गई है, इनमें से 89 प्रतिशत डाकघर गांवों में स्थित हैं, जिनमें से अधिकांश डाकघर स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत खोले गए हैं। यह हमारे उस लक्ष्य को सुस्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हैं, जिस लक्ष्य को भारतीय डाक प्रणाली ने अत्यंत श्रमसाध्य रूप से वहन किया है। संसाधनों तथा उद्यमों पर अत्यधिक दबाव होने के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्र के प्रति 23.12 वर्ग कि०मी० तथा शहरी क्षेत्र के प्रति 3.16 वर्ग कि०मी० क्षेत्र के लिए एक डाकघर या ग्रामों में प्रति 4612 व्यक्तियों तथा एक कस्बे में या शहर में प्रति 12,924 व्यक्तियों के लिए एक डाकघर का लक्ष्य प्राप्त किया गया था। डाक की अपर्याप्तता तथा उसके क्षेत्र पर ध्यान दिए बिना, देश में प्रत्येक प्रेषण स्थल पर प्रत्येक स्थान पर जहां भी किसी व्यक्ति की डाक है, वह प्रतिदिन डाकिए द्वारा वितरित की जाती है। भारतीय डाक प्रणाली इस दृष्टि से न केवल अद्वितीय है बल्कि इसे कार्यकुशल बनाए रखना भी अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारत में डाक सेवाएं अन्य सभी देशों की तुलना में सबसे कम दामों पर सुलभ हैं। यह इस बात की पुष्टि करता है कि प्रेषक तथा प्रेषिती, दोनों ही के लिए, डाक के महत्व से इसके सर्वोच्च सरोकार समान रूप से जुड़े हुए हैं। वर्ष 1993-94 में देशी मूल की 3549 मिलियन अपंजीकृत डाक वस्तुएं तथा 334 मिलियन पंजीकृत डाक वस्तुएं देश में वितरित की गई, जो गत वर्ष की तुलना में क्रमशः 294 मिलियन तथा 20 मिलियन अधिक हैं और जो 8.8 प्रतिशत की औसत वृद्धि को दर्शाती है। डाक ने 31,826 मिलियन रुपये के कुल मूल्य के 98.7 मिलियन मनीआर्डर भी वहन किए। मनीआर्डरों की संख्या हालांकि 6.6 मिलियन या 6.3 प्रतिशत कम हो गई है, किंतु इसके मूल्य में 2,702 मिलियन रुपये या 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय डाक, संख्या तथा मूल विषयक विविधता, दोनों ही प्रकार से अभी भी एक अन्य आयाम है। ये संख्याएं प्रति व्यक्ति, अमरीका या जापान जैसे देशों के साथ तुलनीय मात्रा के दर्जे को संकेतित नहीं करतीं। किंतु, डाक पर की जाने वाली कार्रवाई और डाक वितरण के कार्य की दृष्टि से इसका महत्व इन देशों की तुलना में कम न होकर, स्वतः प्रमाणित है। एक अत्यंत विशाल और संश्लिष्ट नेटवर्क में डाक पर कार्रवाई करना और डाक का पारेषण, भले ही वह इस संगठन की या इसके वास्तविक कार्य की बात हो, कोई मामूली बात नहीं है, उन डाक पतों की संभावित कुल संख्या की तो बात ही छोड़िए जो अतिसंकुल और दूरदराज के इलाकों में स्थित है।

शहरी क्षेत्रों की चुनौतियां और स्वचलन

छः शहर अर्थात् बंबई, कलकत्ता, दिल्ली, मद्रास, बेंगलूर और हैदराबाद, जिनकी कुल जनसंख्या 35.57 मिलियन है, प्रतिदिन अपने शहरों से भेजे जाने वाली घरेलू डाक की 7 मिलियन वस्तुओं का लेखा-जोखा रखते हैं, जो पूरे देश के कुल डाक परिवात का करीबन 59 प्रतिशत है। इन महानगरों की डाक और शेष भारत की डाक-मात्रा में अत्यधिक असमानता है जिससे महानगरों की डाक प्रणाली को डाक के निपटान के लिए चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। निपटान केंद्रों पर डाक की इन विशाल मात्राओं से उत्पन्न समय-दबावों का इस समय डाक संचालन में बिना किसी विलंब के ध्यान रखना एक गंभीर तथ्य है तथा आने वाले समय में व्यापक आर्थिक गतिविधि क्षेत्र के कारण महानगरीय डाक में बेतहाशा वृद्धि होने से इसकी गंभीरता और अधिक बढ़ जाएगी। हाथ द्वारा निपटाए गए कार्यों की एक सीमा निश्चित होती है, चाहे वे कितनी ही निष्ठा से क्यों न किए गए हों? विभाग ने कुछ वर्ष पूर्व इस बात को महसूस किया और एक उत्कृष्ट योजना और उपयुक्त कार्यक्रम तैयार किया जिसके परिणामस्वरूप अप्रैल, 1993 को बंबई में देश का पहला स्वचालित डाक छंटाई केंद्र खोला गया जिसकी क्षमता 24 घंटे में 1.2 मिलियन पत्रों की छंटाई की है। शहर की डाक प्रचालन संबंधी कई समस्याओं के समाधान में यह केंद्र धीरे-धीरे अपनी भूमिका का महत्व सिद्ध कर रहा है। इस प्रकार का दूसरा केंद्र सितंबर, 1995 में मद्रास में चालू किया जाएगा। इन दोनों केंद्रों की लागत 39.7 मिलियन रुपये है। इन केंद्रों ने भविष्य के लिए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि परंपरागत व्यवस्थाएं प्रत्येक स्थान पर कार्यकुशल नहीं हो सकतीं।

स्वचलन, प्रौद्योगिकी से कहीं अधिक एक संस्कृति है। ग्राहकों के साथ अपने बाह्य स्वरूप में आन्तरिक कार्य से परे डाक पर कार्रवाई करने को डाक ने अनुकूलतापूर्वक स्वीकार कर लिया है। वर्ष 1991 के आरंभ में सात शहरों अर्थात् बंबई, दिल्ली, मद्रास, अहमदाबाद, बेंगलूर, हैदराबाद और लखनऊ के 22 डाकघर, एक ही काउंटर से स्पीड और अन्य विविध सेवाएं उपलब्ध कराने के द्वारा काउंटर कार्यों के स्वचलन में अग्रणी बने। यह एक तात्कालिक सफलता थी और इस सफलता ने बड़ी मात्रा में और अधिक काउंटर सेवाओं का स्वचलन करने का महत्वपूर्ण निर्णय

लेने की दिशा में कार्य किया। 657 डाकघरों में अब तक स्वचालित काउंटर सेवाएं उपलब्ध हो चुकी हैं अथवा मार्च, 1995 तक उपलब्ध हो जाएंगी। ऐसे प्रत्येक काउंटर में पंजीकृत, बीमाकृत और मूल्यदेय पत्र स्वीकार किए जाते हैं और इन काउंटरों पर एक लेनदेन को एक मिनट के भीतर निपटा लिया जाता है। इससे शहरी डाकघरों की लंबी कतारें, जो डाकघरों पर अत्यंत भारी दबाव उत्पन्न करती थीं, अब बीते समय की बात बनकर रह गई हैं और भारत, डाकघर की पंक्ति में खड़े अंतिम ग्राहक को मात्र 5 मिनट में निपटाने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम यह है कि अब तक देश के 15 डाकघरों में डाक-टिकटों की बिक्री को छोड़कर पूर्णतः स्वचालित काउंटर सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और मार्च, 1995 तक इन डाकघरों की संख्या 53 हो जाएगी।

काउंटर सेवाओं के लिए इन स्वचलन उपायों पर विभाग ने वर्ष 1993-94 और 1994-95 में कुल मिलाकर 85 मिलियन रुपये खर्च किए। इसके अतिरिक्त, डाक जीवन बीमा और डाकघर बचत बैंक कार्यों का भी स्वचलन किया गया है जिससे डाक प्रणाली में संपूर्ण परिवर्तन आ गया है।

वर्ष 1994-95 के लिए स्वचलन पर 390.30 मिलियन रुपये का कुल व्यय अनुमानित किया गया है और वर्ष 1995-96 में यह राशि 481.60 मिलियन रुपये होगी। अगले वर्ष 500 और डाकघरों में पूर्णतः स्वचालित सेवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। निष्कर्ष यह है कि इससे ग्राहकों को प्राप्त होने वाली सेवा में जो वृद्धि होगी, वह आंकड़ों और आकलन से कहीं अधिक होगी।

वित्त-व्यवस्था और मूल्य-निर्धारण-व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता

डाक का वित्त-साधन निरंतर घाटे में जा रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में 1993-94 में 312.7 मिलियन रुपये की राजस्व वृद्धि के बावजूद घाटा पिछले वर्ष के 918.10 मिलियन रुपये से बढ़कर 2,070.9 मिलियन रुपये हो गया। इसके परिणामस्वरूप डाक विभाग और देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मामले उठे। लागत में वृद्धि की अपेक्षा दरें काफी कम हैं और लागत में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे हरेक वर्ष घाटा होता रहा है।

प्रतीयमानतः घाटा खाते के दोनों पक्षों को संतुलित करने का विषय नहीं है। उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रयोक्ताओं से स्पष्ट मांग होती रही है जो अंशतः मानव कार्य-निष्पादन और काफी हद तक अंतः-संरचनात्मक साधन हेतु निवेश से संभव है। ये साधन हैं - बेहतर परिसर, अनुकूल कार्य सुविधाएं, दक्ष उपस्कर, परिवहन सुविधा आदि। घाटा निवेश को नियंत्रित कर लेता है जिससे सेवा की गुणवत्ता पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

1993-94 के राजस्व आंकड़ों से विरोधाभासी संकेत मिलते हैं। पिछले वर्ष की तुलना में केवल 2.91 प्रतिशत राजस्व की वृद्धि हुई है जबकि डाक के परिमाण में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक निष्कर्ष यह प्राप्त होता है कि अत्यधिक आर्थिक सहायता प्राप्त क्षेत्रों में डाक के परिमाण में काफी वृद्धि हुई है, जैसे-लेटर कार्ड में 32.52 प्रतिशत, पोस्टकार्ड में 89.57 प्रतिशत और समाचार-पत्र में 92.03 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। टेलीविजन प्रतियोगिताओं जैसे वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पोस्टकार्ड के प्रयोग में भारी वृद्धि ऐसा ही एक कारण है। इस प्रकार डाक का सामाजिक प्रयोजन धीरे-धीरे नष्ट होता जाता है। यह सूक्ष्म विश्लेषण और सामाजिक रूप से विवेकपूर्ण दर नीति का एक पक्ष है।

सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण अंतः संरचना के रूप में अपनी वर्तमान और भावी भूमिका निभाने हेतु डाक विभाग की सभी क्षेत्रों से व्यापक समर्थन की आवश्यकता है। डाक विभाग अपनी विकासशील व्यापार स्थिति से सामंजस्य रखते हुए एक उचित कानूनी स्थिति, वित्तीय और प्रबंधात्मक नम्यता की अपेक्षा करता है।

भारतीय डाक और इसका भविष्य

जैसाकि 1989 में वाशिंगटन कांग्रेस की सामान्य परिचर्चा में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन द्वारा सम्पारित किया गया है तथा 1994 के सिओल कांग्रेस द्वारा दुहराया गया है कि डाक का आदर्श है- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता की आवश्यकता पूरी करना। प्रत्येक देश में डाक व्यवस्था में परिवर्तन आ रहे हैं। भारत में ऐसे अनेक कदम उठाये गये हैं और इनके अतिरिक्त ऐसे अनेक कदम उठाए जाने पर विचार किया जा रहा है जो डाक की अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न करेंगे। लक्ष्य यह है कि ऐसे समाज का निर्माण किया जाए जिसमें नवीनतम संचार सुविधा हो। यह लक्ष्य नए विधि-निर्माण, वाणिज्यिक प्रोत्साहन, वित्तीय पुनर्अनुकूलन संरचनात्मक परिवर्तन और कर्मचारियों के एकनिष्ठ सहयोग से प्राप्त होगा जिसके उपरांत भारतीय डाक प्रणाली विश्व की सर्वोत्तम डाक प्रणाली का मुकाबला कर पाएगी। डाक प्रणाली में व्यापक परिवर्तन की उत्सुकता से प्रतीक्षा की जा रही है ताकि 21 वीं शताब्दी में यह देश में किसी से भी कम नहीं हो।

संगठन

संचार मंत्रालय के एक विभाग के रूप में डाक विभाग का सृजन जनवरी, 1985 में किया गया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभाग, संचार राज्यमंत्री श्री सुखराम (स्वतंत्र कार्यभार) के तहत ही कार्य करता रहा।

मुख्यालय

विभाग का प्रबंध डाक सेवा बोर्ड देखता है। बोर्ड के अध्यक्ष, डाक विभाग के सचिव तथा डाक महानिदेशक भी हैं। बोर्ड में तीन सदस्य हैं, जिनके पास प्रचालन, विकास तथा कार्मिक संविभाग हैं। इसके अलावा बोर्ड में एक वित्त सलाहकार भी हैं।

बोर्ड की सहायता के लिए एक सचिव है जो वरिष्ठ उप महानिदेशक (गुणवत्ता प्रबंध) भी हैं। 18 उप महानिदेशकों की सहायता से बोर्ड देश में डाक सेवाओं के प्रबंध का निर्देशन व पर्यवेक्षण करता है।

सर्किल

विभाग के प्रचालन दायित्वों को 19 डाक सर्किल वहन करते हैं। एक सर्किल में एक या एकाधिक राज्य/संघशासित क्षेत्र होते है और सर्किल का अध्यक्ष मुख्य पोस्टमास्टर जनरल होता है तथा सर्किल को सामान्यत: क्षेत्रों में बांटा जाता है, जिनमें फील्ड यूनिटों का समूह होता है, जिन्हें डिवीजन कहा जाता है। प्रत्येक क्षेत्र में एक पोस्टमास्टर जनरल होता है जो मुख्य पोस्टमास्टर जनरल को फील्ड में उच्च स्तरीय प्रबंध सहायता प्रदान करता है।

सर्किलों के अलावा, बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और मद्रास में क्षेत्रीय डाक योजना इकाइयां हैं जो पोस्टमास्टर जनरल के पद के नियंत्रकों के अधीन हैं। नियंत्रक, डाक प्रचालनों की योजना तथा नियंत्रण में अनन्य रूप से व्यावसायिकता लाते हैं। एक सर्किल में मेल डिवीजन, स्टोर डिपो, स्टैम्प डिपो तथा मेल मोटर सेवा जैसी अन्य प्रकार्यात्मक डिवीजनें भी होती हैं।

भारतीय डाकघरों को प्रधान, उप तथा शाखा डाकघरों के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया है। शाखा डाकघर आमतौर पर अतिरिक्त विभागीय डाकघर होते है जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित होते हैं। अधिकांश उप डाकघर विभागीय हैं और ग्रामीण तथा शहरी, दोनों क्षेत्रों में स्थित हैं। प्रधान डाकघरों को उनके कार्यभार तथा कर्मचारी की संख्या के अनुसार 5 श्रेणियों में श्रेणीकृत किया गया है, इनमें से सबसे बड़ा डाकघर बम्बई जी पी ओ और कलकत्ता जी पी ओ है तथा इनके उपरांत मद्रास, दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलूर, कानपुर, लखनऊ और देश के अन्य बड़े शहरों के जी पी ओ हैं।

सैना डाक सेवा का अध्यक्ष मेजर जनरल होता है। उसे अपर महानिदेशक, सेना डाक सेवा के बतौर नामोदिदष्ट किया गया है और साथ ही उसे मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, सेना डाक सेवा सर्किल भी कहा जाता है। अधिकारी संवर्ग में तथा अन्य पदों में, जिनमें मेजर जनरल भी शामिल हैं, अधिकांश कार्मिकसिविल डाक सेवा से लिए जाते हैं।

स्थिति

दिनांक 1.4.94 की स्थिति के अनुसार डाक सेवा बोर्ड में श्री टी०ई० रमन, सचिव (डाक), महानिदेशक, डाक तथा अध्यक्ष डाक सेवा बोर्ड, श्री बी० परब्रह्म, सदस्य (कार्मिक), श्री एस०सी० महालिक, सदस्य (प्रचालन), श्री जी०एस० राजामणि, संयुक्त सचिव के बतौर सम्मिलित हैं तथा वित्तीय सलाहकार, डाक विभाग, बोर्ड के स्थायी आमंत्रित सदस्य हैं। इस समय श्री एस०सी० महालिक डाक सेवा बोर्ड के अध्यक्ष, श्री पी०के० बागची, सदस्य (विकास) श्री ए०वी०राव, सदस्य (कार्मिक), श्री सी० जे० मैथ्यू, सदस्य (प्रचालन) तथा श्री के०धीश, वरिष्ठ उप महानिदेशक तथा सचिव, डाक सेवा बोर्ड हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

विश्व डाक संघ कार्यकारी परिषद तथा डाक अध्ययन सलाहकार परिषद के वार्षिक अधिवेशन अप्रैल और अक्तूबर, 1993 में क्रमश: बर्न, स्विटजरलैंड में आयोजित किए गए। इन अधिवेशनों में सचिव, डाक के नेतृत्व में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारत आवधिक देयताओं पर वर्किंग पार्टी के तथा विश्व डाक संघ के पुनर्निर्माण के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ था। "डाक विकास" पर सी सी पी एस की एक महत्वपूर्ण समिति की अध्यक्षता करने के अलावा भारत ने "विकासशील देशों में ग्रामीण डाक सेवाओं में सुधार" तथा "नवीन उत्पाद विकास" से संबंधित दो महत्वपूर्ण विश्व डाक संघ अध्ययनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इन महत्वपूर्ण अध्ययनों के लिए भारत रिपोर्टिंग देश था। एक भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने एशियाई प्रशांत डाक प्रशिक्षण केंद्र के गवर्निंग बोर्ड की सितम्बर, 1993 में कोबे, जापान में आयोजित बैठक में भाग लिया। भारत ने वर्ष के दौरान सार्क देशों की पहली बैठक की मेजबानी की। भारतीय डाक प्रशासन ने "डाक सेवाओं का मशीनीकरण" पर पोस्टल स्टाफ कालेज, गाजियाबाद में सार्क डाक प्रशासनों के अधिकारियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में नेपाल, भूटान श्रीलंका, पाकिस्तान तथा भारत के सहभागियों ने भाग लिया।

डाक पर भारत-चीन कार्य-समूह की एक बैठक भारत में नवम्बर, 1993 को आयोजित की गई।

डाक प्रचालन

प्रस्तावना

डाक प्रचालन को अनन्य रूप से पत्र-वितरण के लिए सामान्यतः एक अलग कार्य माना जाता है जो वस्तुतः पत्र-संग्रहण, छंटाई पारेषण, गंतव्य स्थान पर अंतिम छंटाई व वितरण जैसे बहुविध अंतः संबंधी प्रकार्यों की एक श्रंखला है। इसके अलावा पंजीकरण, मनीआर्डर, स्पीड पोस्ट आदेशों जैसी विशिष्ट सेवाओं के लिए आनुषंगिक गतिविधियां हैं। अधिकतम ग्राहक-संतुष्टि प्रदान करने के लिए प्रचालनों की इस बहुलता की सफलता एयरलाइन्स, रेलवे, रोडवेज तथा शिपिंग जैसी अन्य एजेंसियों की कार्यकुशलता पर निर्भर करती है। डाक संप्रेषण प्रणाली के अतिरिक्त डाक विभाग अन्य मंत्रालयों व विभागों की ओर से भी कुछ कार्य निष्पादित करता है। बचत बैंक तथा डाक जीवन बीमा जैसी सेवायें एजेंसी सेवाओं के रूप में जानी जाती हैं।

डाक नेटवर्क का विस्तार

डाकघरों की संख्या के संबंध में भारत का स्थान, विश्व की डाक प्रणालियों में सर्वप्रथम है। इसका श्रेय देश की विशालता और इसकी विशाल जनसंख्या को तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत डाक नेटवर्क को सामाजिक एकीकरण के, आर्थिक विकास तथा ग्रामीण पुनरुद्धार के एक साधन के रूप में विकसित करने के सरकार के कर्तव्यनिष्ठ प्रयास को भी जाता है। डाक संप्रेषण के विस्तार के मूल उद्देश्य को पूरा करने के अलावा, डाक सेवाओं के विस्तार ने साक्षरता प्रसार, रोजगार उत्पादन, लघु बचतों का संवर्धन तथा पिछड़े और दूर-दराज के इलाकों में उद्योगों की स्थापना जैसे सरकार के सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में भी उल्लेखनीय योगदान किया है।

सातवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक राष्ट्रीय डाक नेटवर्क में1,47,236 डाकघर

डाक घरों की संख्या



शामिल थे, इनमें से 16,249 डाकघर शहरी क्षेत्रों में तथा 1,30,987 डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित थे। दिनांक 31.3.94 की स्थिति के अनुसार देश में 1,52,786 डाकघर थे, इनमें से 16,804 डाकघर शहरी क्षेत्र में तथा 1,35,982 डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। 1991 की जनगणना के अनुसार एक डाकघर औसतन 21.49 वर्ग कि०मी० क्षेत्र को तथा 5527 व्यक्तियों को सेवा प्रदान करता है।

योजना आयोग ने आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1992-97) के दौरान 500 विभागीय उपडाकघर तथा 3000 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर खोलने के लक्ष्य को मूल रूप से मंजूरी प्रदान की थी। तथापि, संसदीय समिति द्वारा लगातार की जा रही इस मांग के संदर्भ में कि डाक सुविधाओं के विस्तार की गति बढ़ाई जाए, योजना कार्यनिष्पादन की समीक्षा करते हुए विभाग ने यह नोट किया कि उपलब्ध संसाधनों के अंतर्गत और अधिक डाकघर खोलने की संभावना है। तदनुसार, योजना आयोग से परामर्श करके अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर खोलने का लक्ष्य पहले ही आवंटित किए जा चुके संसाधनों के अंतर्गत,

1984-85 से डाक परियात
(राजस्व में समायोजित)



मदवार डाक परियात



संशोधित करके 3600 और विभागीय उपडाकघरों का लक्ष्य 650 कर दिया गया। आठवीं योजना के संदर्भ में, पहाड़ी, रेगिस्तानी तथा जनजातीय क्षेत्रों पर, डाक नेटवर्क के विस्तार के लिए विशेष रूप से बल देने का प्रस्ताव है। इस अवधि के दौरान जनजातीय उप योजना के तहत 1500 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर खोलने का प्रस्ताव है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम दो वर्षों के दौरान 1200 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर तथा 200 विभागीय उप डाकघर खोलने के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में क्रमशः 1302 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघरों और 231 विभागीय उपडाकघरों को मंजूरी प्रदान की गई। वित्तीय दबावों और पदों के सृजन पर प्रतिबंध के कारण वित्त मंत्रालय ने वर्ष 1994-95 के लिए 800 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाक घरों के प्रस्तावित लक्ष्य को घटाकर 80 कर देने का सुझाव दिया है। अतः 1994-95 के दौरान 80 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर तथा 150 विभागीय उप डाकघर खोलने का प्रस्ताव है। इनमें से 23 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर तथा 22 विभागीय उपडाकघर जनजातीय, पहाड़ी, रेगिस्तानी और दुर्गम इलाकों में खोले जायेंगे।

डाक परिमाण

वर्ष 1993-94 के दौरान निपटाई गई देशी अपंजीकृत डाक परियात की संख्या 3549 मिलियन डाक वस्तुएं थी, जिसमें 3078 मिलियन पत्र थे, 441 मिलियन पैकेट तथा 30 मिलियन पार्सल थे। देसी पंजीकृत डाक की संख्या 334 मिलियन वस्तुएं थी। इस अवधि के दौरान डाक विभाग ने 98.7 मिलियन मनीआर्डरों का पारेषण किया, जिनका कुल मूल्य 31826 मिलियन रुपये था।

स्पीड पोस्ट

डाक विभाग के लिए स्पीड पोस्ट सर्वाधिक लोकप्रिय व राजस्व अर्जित करने वाली सेवाओं में से एक है। इस वर्ष जोधपुर में दिनांक 28.1.1994 को एक नया स्पीड पोस्ट केंद्र खोला गया था जिसे मिलाकर देश में स्पीड पोस्ट केंद्रों की कुल संख्या 63 हो गई।

दिनांक 14.10.93 को 13 अन्य देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट संपर्क स्थापित किए गए। इन देशों के नाम हैं :-

बर्मुदा, भूटान, केप वर्डे, अल्सल्वाडोर, आइसलैंड, इस्त्राइल, इटली, केन्या, कुवैत, लातविया, मारीशस, वियतनाम तथा यमन अरब गणतंत्र। इस प्रकार अब कुल 74 देशों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट संपर्क स्थापित कर लिए गए हैं।

वर्ष 1993-94 के दौरान स्पीड पोस्ट परियात की वृद्धि 47 प्रतिशत थी। वर्ष के दौरान उत्पादित कुल परियात लगभग 1.09 करोड़ वस्तुओं का था। लगभग 50 करोड़ रुपये के राजस्व का अर्जन हुआ, 57 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

डाक प्रचालन

भौगोलिक वस्तार तथा जनसंख्या की दृष्टि से भारतीय डाक प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी डाक-प्रणाली है। इसकी कार्यकुशलता को सुनिश्चित करने के लिए इसका लगातार मानीटरिंग किए जाने की आवश्यकता है। फील्ड यूनिटों में यह मानीटरिंग किए जाने की आवश्यकता है। फील्ड यूनिटों में यह मानीटरिंग प्रत्येक स्तर पर की जा रही है। बेहतर सेवायें तथा उपयुक्त मानीटरिंग प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी अधिष्ठापन के अलावा विशेष ध्यान की अपेक्षा रखने वाली डाक की विभिन्न श्रेणियों को विभक्त किया गया है और डाक की छंटाई तथा पारेषण के लिए नए चैनेल आरम्भ किए जा रहे हैं। डाक के इस पृथक-पृथक निपटान से दो लक्ष्यों की प्राप्ति होगी, पहला यह कि डाक के एक विशेष खंड पर पर्याप्त तथा अनन्य रूप से ध्यान दिया जाएगा ताकि उसके पारेषण व वितरण में तेजी लाई जा सके, दूसरा यह कि इससे अन्य डाक के त्वरित निपटान के लिए परिणामी लाभ होगा।

मेट्रो चैनल

मात्रा तथा समय संवेदनशीलता के संबंध में अंतर्महानगरीय डाक, डाक-परियात की वृहदाकार मात्रा को संघटित करती है। अतः यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, बेंगलूर व हैदराबाद के मध्य डाक के निपटान के लिए एक अलग चैनल आरम्भ किया जाए। इसमें इन केंद्रों को प्रेषित पत्रों को प्रारंभिक निपटान चरण में ही अलग-अलग छांट लिया जाएगा। अनेक डाकघरों में ऐसे पत्रों के लिए हलके नीले रंग के लेटर-बॉक्स लगाए जा रहे हैं। ये पत्र विशेष रूप से डिजाइन किए गए थैलों में, जिन पर इनकी सरलतापूर्वक पहचान के लिए विशेष लेबल लगे होंगे, भेजे जायेंगे। इस डाक के निपटान के लिए विशेष रूप से निर्धारित किए गए डाक मोटर वाहन तथा स्टाफ का प्रयोग किया जाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो, प्राइवेट विमानों का भी, इन पत्रों को निर्धारित समय तक पहुंचाने के लिए उपयोग किया जाएगा। लक्ष्य यह है कि ये सभी पत्र 48 घंटों के भीतर तथा ऐसे अधिकांश पत्र 24 घंटे के भीतर वितरित हो जायें। इस सेवा को 1994-95 में आरम्भ करने का कार्यक्रम है।

राजधानी चैनल

राज्यों की राजधानियों से दिल्ली के लिए और दिल्ली से राज्यों की राजधानियों के लिए भेजे गए पत्र भी डाक के एक महत्वपूर्ण खंड का निर्माण करते हैं। इस चैनल का उद्देश्य ऐसी डाक की आवश्यकताओं को पूरा करना है। इसका प्रचालन भी मेट्रो चैनल के प्रचालन जैसा ही होगा। इस सेवा के भी 1994-95 में आरम्भ होने की संभावना है।

बिजनेस चैनल (कारपोरेट डाक)

सरकारी, अर्धसरकारी तथा निगमित निकायों की प्रथम श्रेणी की अपंजीकृत डाक को बिजनेस कारपोरेट डाक के नाम से निर्दिष्ट किया गया है। यह डाक भी डाक परियात के एक अन्य महत्वपूर्ण खंड का निर्माण करती है। ऐसी डाक वस्तुओं का परियात अत्यधिक है, विशेष रूप से महत्वपूर्ण शहरों में। चूंकि यह डाक अत्यधिक मात्रा में प्राप्त होती है, अतः डाक की छंटाई व पारेषण के लिए समूची व्यवस्था पर यह गंभीर प्रभाव रखती है। अतः बिजनेस चैनल का मूल उद्देश्य ऐसी श्रेणियों की डाक के लिए विशेष प्रबंध करना और इससे भी अधिक यह है कि नियमित कार्य की आकस्मिक अस्तव्यस्तता की अनिश्चितता को समाप्त करना है, ताकि अन्य डाक की छंटाई व पारेषण की प्रक्रिया भी सुचारू बन सके।

बिजनेस डाक, इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से निर्दिष्ट किए गए डाकघरों या मेल आफिसों में विशेष काउंटर पर प्राप्त की जाएगी। इस चैनल की एक महत्वपूर्ण विशेषता एक मुश्त प्रेषितियों के लिए छंटाई चरण में ही पत्रों की अलग-अलग छंटाई करना है। छंटाई, बैगिंग तथा पारेषण, विशेष पहचान द्वारा किया जाएगा जैसा कि मेट्रो चैनल के लिए भी निर्धारित किया गया है। प्रत्येक सर्किल में एक अधिकारी को परियोजना-समन्वयकर्ता के बतौर नामित किया जाएगा जो इस चैनल के कार्यान्वयन की सूक्ष्म मानीटरिंग करेगा। इस सेवा के भी अगले वर्ष आरम्भ होने की संभावना है।

पंचायत संचार योजना

इस समय जिन क्षेत्रों में मूल डाक संचार सुविधायें सुलभ नहीं हैं, वहां इन सुविधाओं की व्यवस्था करना विभाग का सामाजिक दायित्व है। जनता तथा विभिन्न संसदीय फोरमों की यह मांग है कि इन सुविधायों को प्रदान करने की गति में तेजी लाई जाए। तथापि, एक और डाकघर खोलने में संसाधनों पर दबाव तथा वित्त मंत्रालय और योजना आयोग का यह सुझाव कि डाक प्रणाली के राजस्व खर्च के घाटे की समस्या पर गंभीरतापूर्वक ध्यान दिया जाए तथा दूसरी ओर गांवों, विशेषकर ग्रामपंचायतों में मूल डाक सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, पंचायत संचार योजना नामक एक वैकल्पिक योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत पंचायत, जिसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है और जो विकासात्मक गतिविधि में भी सम्मिलित है, संविदात्मक आधार पर मूल डाक सुविधायें प्रदान करने के लिए नोडल प्वाइंट होगी। पंचायत डाक कार्य निपटाएगी। पंचायत एक कार्यकर्ता का चयन करेगी जो पंचायत संचार योजना का कार्य करेगा, इस व्यक्ति को विभाग द्वारा निर्धारित कमीशन/पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

मेल मोटर सेवा

वर्ष 1993-94 के दौरान विभागीय मेल मोटर यूनिटों ने 90 स्टेशनों पर कार्य किया। डाक की कार्यकुशलता को कायम रखने के साथ-साथ उसकी कार्यकुशलता को बेहतर बनाने के लिए और अंततोगत्वा डाक के त्वरित पारेषण के लिए कंडम व पुराने वाहनों के स्थान पर 124 नए वाहन खरीदे गए।

वर्ष 1993-94 के अंत तक मेल मोटर के बेडे में वाहनों की कुल संख्या 1103 थी। वर्ष के दौरान इस बेडे ने 1.95 करोड़ किलोमीटर की कुल दूरी तय की जबकि इस पर कुल 18.94 करोड़ रुपये खर्च हुए। इसकी औसत लागत 9.69 रुपये प्रति किलोमीटर थी।

डाकघर परिसरों को पट्टे पर देना

हाल ही में विभागीय डाकघरों में उपलब्ध स्थान की एसटीडी/आईएसडी, फैक्स बूथों के संचालन और डाकघर से संबंधित वस्तुओं जैसे बैंकिंग सामग्री, ग्रीटिंग कार्ड आदि बेचने के लिए पट्टे पर देने की एक योजना आरम्भ की गई है। इस योजना का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही छत के नीचे डाकघर से संबंधित सभी कार्य निपटाने की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना को कुछ डाकघरों में पहले ही शुरू किया जा चुका है और ग्राहकों द्वारा इसका स्वागत किया गया है।

सभी प्रकार की बचतों, बचत पत्रों सहित बकाया इतिशेष
(दस लाख रु० में)



पासपोर्ट आवेदन-पत्र

समूचे देश में 1000 और डाकघरों को विदेश मंत्रालय की ओर से पासपोर्ट आवेदन-पत्र बेचने के लिए प्राधिकृत किया गया है। ये डाकघर उन 1872 डाकघरों के अलावा हैं जो पहले ही यह सेवा प्रदान कर रहे हैं।

लाइसेंसधारी डाक-टिकट विक्रेता

इस योजना के अंतर्गत एजेंट डाकघर द्वारा विनिर्दिष्ट कमीशन पर डाक-टिकट और डाक लेखन सामग्री बेचते हैं। कमीशन को 1.5% से बढ़ाकर 5% कर दिया गया है। अब एक एजेंट अपनी पहल और परिश्रम से आकर्षक पारिश्रमिक प्राप्त कर सकता है।

फिलैटली

दिनांक 1.4.93 से 31.3.94 तक 39 स्मारक/ विशेष डाक टिकट जारी किए गए। इन डाक-टिकटों में "पहाड़ी इंजन" और "पुष्पद वृक्ष" पर चार डाक-टिकटों के दो सेट और सत्यजीत राय पर दो डाक-टिकटों का एक सेट शामिल था।

पूरे देश में 50 फिलैटली ब्यूरो और 199 काउंटरों के माध्यम से डाक-टिकटों की फिलैटलिक बिक्री संचालित की जाती है। 1.4.93 से 31.3.94 तक सात राज्य/सर्किल स्तर की प्रदर्शनियां आयोजित की गईं जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

- चण्डीगढ़, पंजाब सर्किल में दिनांक 7.5.93 से 9.5.93 तक फ्पेक्स-93
- देहरादून, उत्तर प्रदेश सर्किल में दिनांक 15.5.93 से 19.5.93 तक अपहिलेक्स-93
- रायपुर, मध्यप्रदेश सर्किल में दिनांक 28.6.93 से 30.6.93 तक मापेक्स-93
- करनाल, हरियाणा सर्किल में दिनांक 17.9.93 से 19.9.93 तक हरपेक्स - 93
- दिल्ली में दिनांक 24.9.93 से 27.9.93 तक डाकियाना-93
- तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु सर्किल में दिनांक 17.9.93 से 20.9.93 तक तेनापेक्स - 93
- विजयवाड़ा, आन्ध्र प्रदेश सर्किल में दिनांक 16.9.93 से 19.9.93 तक अपेक्स - 93

विभाग ने भारतीय फिलैटलिक कांग्रेस के सहयोग से 25.12.93 से 29.12.93 तक कलकत्ता में राष्ट्रीय प्रदर्शनी "इंपेक्स - 93" का आयोजन किया।

भारतीय डाक-टिकटों के प्रदर्शन और उनकी बिक्री द्वारा विभाग ने निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भी भाग लिया:-

- सुबर्या, इंडोनेशिया में 29.5.93 से 4.6.93 तक आयोजित इंडोपेक्स - 93
- बैंकाक, थाइलैंड में 1.10.93 से 10.10.93 तक आयोजित बैंकाक -93

एजेंसी सेवाएं

डाकघर बचत बैंक

वित्त मंत्रालय की ओर से विभाग निम्नलिखित मौजूदा योजनाएं संचालित करता है:-

- बचत खाता योजना
- आवर्ती जमा योजना

आवधिक जमा योजना-1 वर्षीय, 2 वर्षीय और 3 वर्षीय योजना

- मासिक आय खाता योजना
- लोक भविष्य निधि

कुल पालिसियों की संख्या



कुल बीमाकृत राशि



जीवन बीमा निधि (दस लाख रु० में)



- इंदिरा विकास पत्र
- किसान विकास पत्र
- राष्ट्रीय बचत योजना, 1992

महिला समृद्धि योजना

"महिला समृद्धि योजना"- एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्तूबर, 1993 को यह योजना आरम्भ की गई थी। यह योजना ग्रामीण महिलाओं के मध्य मितव्ययिता की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है ताकि वे अपनी बचत का उपयोग विभिन्न घरेलू उद्देश्यों के लिए कर सकें और आवश्यकता के समय उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिल सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय इस केंद्रीय क्षेत्र योजना के लिए नोडल मंत्रालय है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में 1.32 लाख डाकघरों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष अथवा उससे अधिक की आयु की प्रत्येक ग्रामीण महिला 4/- रु० अथवा इसके गुणांकों की प्रारंभिक राशि से निकटतम डाकघर में महिला समृद्धि योजना खाता खोल सकती है, बशर्ते कि अधिकतम जमा राशि 300/- रु० हो। इस जमा राशि पर, जो एक वर्ष तक आवधिक जमा के रूप में रहेगी, 25 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से प्रोत्साहन दिया जाएगा जिसकी अधिकतम सीमा 75/- रु० होगी।

इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं से उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया अर्जित की है। 31 मार्च, 1994 की स्थिति के अनुसार पूरे देश में 7,29,041 खाते खोले गए जिनमें कुल जमा राशि 9,15,07,250/- रु० थी।

डाक जीवन बीमा

डाक जीवन बीमा चार प्रकार की पालिसियां प्रदान करता है अर्थात् आजीवन बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, बंदोबस्ती बीमा और प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा (20 वर्षीय और 15 वर्षीय)। गैर-चिकित्सा योजना, 1 लाख रु० की अधिकतम बीमित राशि तक उपलब्ध है जबकि चिकित्सा योजना 2 लाख रु० की अधिकतम बीमित राशि तक उपलब्ध है।

वर्ष 1993-94 के दौरान 1.57 लाख नई पालिसियां जारी की गई जिनमें 595.39 करोड़ रु० की राशि बीमाकृत कराई गई थी और वर्ष के अंत तक कुल कारोबार 19,91,723 पालिसियों तक पहुंच गया जिस में वर्ष 1993-94 के अंत तक 4153.36 करोड़ रु० की कुल राशि बीमाकृत कराई गई थी। डाकघर बीमा निधि की शेष राशि जो वर्ष 1992-93 में 1134.4 करोड़ रु० थी, 31.3.1994 की स्थिति के अनुसार बढ़कर 1153.48 करोड़ रु० हो गई। वर्ष 1992-93 के दौरान निपटाए गए 47.26 करोड़ रु० की बीमाकृत राशि के 54307 दावों की तुलना में वर्ष 1993-94 में 60.62 करोड़ रु० की बीमाकृत राशि के 60,644 दावे निपटाए गए और पिछले वर्ष के दौरान अदा किए गए 8.95 करोड़ रु० के ऋणों की तुलना में इस वर्ष 11.42 करोड़ रु० मूल्य के ऋणों का भुगतान किया गया।

वर्ष 1993-94 के दौरान प्रीमियम आय की तुलना में व्ययों का अनुपात 10.48

प्रतिशत था जबकि वर्ष 1992-93 में यह 13.71 प्रतिशत था।

वर्ष 1994-95 के लिए डाक जीवन बीमा कारोबार के लिए 640 करोड़ रु० का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

डाक परिसर

वर्ष 1993-94 में डाक, प्रशासनिक और अन्य कार्यालय भवनों के निर्माण पर 33.47 करोड़ रु० खर्च किए गए। विभाग ने स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण पर 11.76 करोड़ रु० भूमि खरीदने/अधिग्रहण के लिए 3.24 करोड़ रु० और इसके डाक प्रशिक्षण केंद्रों और स्टाफ कालेज पर भूमि और भवन संबंधी गतिविधियों पर 34 लाख रु० खर्च किए।

वर्ष के दौरान विभाग ने 111 डाकघरों और अन्य कार्यालय भवनों तथा 236 स्टाफ क्वाटरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। 104 डाकघरों और अन्य कार्यालय भवनों तथा 293 स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण कार्य भी आरंभ किया गया।

विपणन और वाणिज्यिक प्रचार

भारतीय डाक विभाग पूरी तरह यह महसूस करता है कि वाशिंगटन जनरल एक्शन प्लान के अनुसार, हमारी सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने और उसमें सुधार लाने के साथ-साथ एक सक्रिय विपणन अभियान की भी आवश्यकता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विभाग और उसके कार्यकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए मुद्रण माध्यम और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का पूरा-पूरा उपयोग किया जाए। हमारी समष्टि छवि विभिन्न अवसरों पर, जिनमें राष्ट्रीय डाक दिवस भी शामिल है, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में विज्ञापनों के माध्यम से प्रदर्शित की गई है।

वाणिज्यिक प्रचार के क्षेत्र में विभाग ने डाक लेखन-सामग्री पर 160.97 लाख रु० मूल्य के विज्ञापन प्राप्त किए। हिन्दी और अंग्रेजी के अतिरिक्त डाक लेखन-सामग्री पर मुद्रित किए जा रहे ये विज्ञापन सभी क्षेत्रीय भाषाओं के लिए सुलभ हैं।

पुनः प्रेषण पत्र

वर्ष 1993-94 के दौरान विभाग के 15 पुनः प्रेषण कार्यालयों द्वारा, जो अवितरित डाक पर अंततः कार्रवाई करते हैं, 27.9 मिलियन डाक वस्तुओं का निपटान किया गया। इनमें से 55 प्रतिशत पत्रों के पतों में सुधार करके उन्हें पाने वाले तक पहुंचाया गया, 28 प्रतिशत पत्रों को उनका पता सुनिश्चित करके उनके प्रेषकों को लौटा दिया गया।

प्रौद्योगिकी अधिष्ठापन

डाक विभाग का मूल कार्य डाक का प्रेषण है। तथापि, एजेंसी, कार्यों के रूप में सीमित बैंकिंग और बीमा कार्यकलापों के अलावा पंजीकृत पार्सलों और मनीआर्डर सेवाओं के रूप में संबद्ध सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के आगमन से डाक विभाग ने जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने, कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करने और प्रौद्योगिकी पर आधारित नई मूल्य वर्धक सेवाएं प्रदान करने के लिए डाक प्रणाली में सूचना प्रौद्योगिकी की शुरूआत करने का संतुलित प्रयास किया है।

मुख्य महानगरों में डाक की छंटाई के मशीनीकरण के लिए बम्बई में आटोमेटिक इंटेग्रेटिड मेल प्रोसेसिंग सिस्टम शुरू करने का एक प्रयास किया गया, जिसने 1.4.1993 से कार्य करना शुरू किया। मद्रास में इसी तरह की प्रणाली को स्थापित करने के लिए आदेश किए जा चुके हैं।

पीसी पर आधारित बहुद्देशीय काउंटर मशीनों की शुरूआत की जनता द्वारा व्यापक रूप से सराहना की गई है क्योंकि इसके परिणामस्वरूप ग्राहक संतुष्टि में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस उपस्कर से एक ही काउंटर पर लेखादेय प्रकृति के विभिन्न लेन-देन उपलब्ध कराए जाते हैं। इस कम्प्यूटरीकृत काउंटर के कार्य-क्षेत्र के भीतर और अधिक लेन-देनों को उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इससे और अधिक ग्राहक संतुष्टि प्रदान की जा सके। देश के विभिन्न डाक घरों में 1000 और मशीनें उपलब्ध कराने के आदेश दे दिए गए हैं, जिन्हें मिलाकर ऐसी मशीनों की कुल संख्या 1852 हो जाएगी।

विभाग उपग्रह मनीआर्डर सेवा आरंभ करने पर कार्य कर रहा है। पहले चरण में, जिसे सरकार द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है, मनीआर्डर सूचना के पारेषण के लिए विभिन्न राज्यों में 75 माइक्रो अर्थ स्टेशन स्थापित किए जाने का प्रावधान है। ऐसी आशा की जाती है कि यह सेवा वर्ष 1994-95 में कार्य करना आरंभ कर देगी। इसके परिणामस्वरूप मनीआर्डर सूचना का त्वरित प्रेषण किया जा सकेगा जिससे पूरे देश में मनीआर्डरों का त्वरित वितरण किया जा सकेगा। विभाग इस नेटवर्क का और अधिक मूल्यवर्धित सेवाओं के लिए भी उपयोग करने की दिशा में विचार कर रहा है।

बचत बैंक प्रचालन के क्षेत्र में दिल्ली में नौ प्रधान डाकघरों, बम्बई में दो प्रधान डाकघरों और चण्डीगढ़ जीपीओ में बचत बैंक कार्य का कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है। दिल्ली में संसद मार्ग डाकघर में संचयी सावधि जमा और आवर्ती जमा योजनाओं के कार्य का कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है और इन्द्रप्रस्थ प्रधान डाकघर में मासिक आय योजना के कार्य का प्रयोगात्मक आधार पर कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है। ऑन लाइन सेवाओं पर अधिक ध्यान देकर और अधिक ग्राहक संतुष्टि प्रदान करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

इस वर्ष तक 12 सर्किलों में डाक जीवन बीमा प्रचालनों का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका था। इस वर्ष के दौरान एक और सर्किल का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है और वर्ष 1994-95 में 6 और सर्किलों को कम्प्यूटरीकृत करने के आदेश जारी किए जा चुके हैं।

डाक वित्त

वर्ष 1993-94 का कुल राजस्व 1105.17 करोड़ रु० था जो पिछले वर्ष के 1073.90 करोड़ रु० की तुलना में 31.27 करोड़ रु० (लगभग 2.91%) अधिक था।

गत वर्ष के 1165.71 करोड़ रु० के व्यय और संशोधित प्राक्कलन 1993-94 में दर्शाए गए 1290.00 करोड़ रु० के अनुमानित व्यय की तुलना में इस का कुल कार्यकारी व्यय 1312.26 करोड़ रु० था (अर्थात इसमें करीब 12.57% की वृद्धि हुई)। यह वृद्धि मुख्यतः 16.9.93 से मंजूर की गई अंतरिम सहायता के भुगतान और बोनस आदि के परिलब्धियों की सीमा में वृद्धि के कारण हुई। डाक सेवाओं का राजस्व घाटा 1992-93 के 91.81 करोड़ रु० का तुलना में वर्ष 1993-94 में 207.09 करोड रु० था।

राजस्व और व्यय 1993-94

(वर्ष 1992-93 की तुलना में)

(करोड़ रु० में)

ब्यौरे	1992-93	1993-94	पिछले वर्ष में परिवर्तित प्रतिशत
	राजस्व		
डाक टिकटों की बिक्री	609.75	629.66	3.27
नकद वसूल किया गया डाक शुल्क	268.63	288.26	7.31
मनीआर्डरों, भारतीय पोस्टल आर्डरों	135.68	145.05	6.91
आदि से प्राप्त कमीशन			
अन्य प्राप्तियां	59.84	42.18	29.51
कुल	1073.90	1105.17	2.91
	व्यय		
सामान्य प्रशासन	103.17	114.89	11.36
प्रचालन	1132.23	1288.39	13.79
एजेंसी सेवाएं	62.87	72.96	15.75
अन्य	350.91	390.55	11.30
कुल सकल व्यय	1649.18	1866.79	13.19
कम वसूलियां	483.47	554.53	14.70
निवल व्यय	1165.71	1312.26	12.57

महत्वपूर्ण श्रेणियों का सकल व्यय निम्नानुसार है:-

ब्यौरे	1992-93	1993-94	पिछले वर्ष में परिवर्तित प्रतिशत
वेतन और भत्ते	1246.83	1442.03	15.93
आकस्मिक व्यय और अन्य मदें			
पेंशन संबंधी प्रभार	203.64	227.43	11.68
लेखा एवं लेखा-परीक्षा	37.65	42.49	3.32
डाक टिकट और पोस्टकार्ड आदि	45.77	45.69	0.18
लेखन सामग्री और मुद्रण आदि	18.50	*22.53	43.68
परिसंपत्तियों का रख-रखाव	9.14	*9.24	1.09
मूल्य ह्रास	6.90	8.00	15.94
छुट-पुट कार्य	1.79	1.55	(–) 13.40
डाक की ढुलाई (रेलवे तथा एयर मेल कैरियर का भुगतान)	78.96	67.78	(–) 15.16
कुल	1649.18	1866.79	13.19

★वेतन और भत्तों सहित

पोस्ट-कार्ड



पत्र



पत्र-कार्ड



राजस्व और व्यय

(दस लाख रु० में)

सेवाओं की लागत

वर्ष 1993-94 तथा गत वर्ष में मुख्य सेवाओं की लागत एवं राजस्व, नीचे प्रत्येक सेवा के सामने दर्शाए गए हैं:-

(आंकड़े रु० में)

सेवा	1992-93		1993-94	
	लागत	राजस्व	लागत	राजस्व
पोस्टकार्ड	1.54	0.15	1.57	0.15
मुद्रित कार्ड	1.44	0.60	1.46	0.60
लैटर कार्ड	1.57	0.75	1.61	0.75
पत्र	1.78	1.85	1.95	2.13
पार्सल	22.11	17.02	19.40	16.46
मनीआर्डर	14.09	10.97	13.28	11.68
पंजीकरण	10.36	6.00	9.90	6.00
बीमा	13.76	11.01	13.36	14.78
बुक पोस्ट				
बुक पैटर्न और सैंपल पैकेट	2.28	1.79	2.20	2.07
मुद्रित पुस्तकें	2.94	1.52	2.78	1.56
अन्य	3.27	1.29	3.07	1.52

वर्ष 1993-94 में एजेंसी सेवाओं पर होने वाले कार्यकारी व्यय की विभाग द्वारा वसूली निम्नानुसार थी:-

(करोड़ रु० में)

1.	बचत बैंक और बचत पत्र	:	513.50
2.	सेना पेंशन	:	0.50
3.	कोयला खनिक और ईपीएफ-परिवार पेंशन और विविध सेवाओं का भुगततान	:	6.30
4.	रेलवे पेंशन का भुगतान	:	2.73
5.	डाक जीवन बीमा	:	15.63
6.	सीमा शुल्क वसूली	:	0.82
7.	बचत बैंक युग्मन कार्य	:	0.46
8.	महिला समृद्धि योजना	:	10.00
9.	अन्य	:	0.07
	कुल	:	550.01

पूंजीगत परिव्यय

वर्ष में नियम परिसंपत्तियों पर व्यय 59.25 करोड़ रु० था। इसमे से 82.4% व्यय, भूमि एवं भवनों पर हुआ और 17.6% उपकरणों और संयंत्रों एवं अन्य पर हुआ। वर्ष के अंत तक नियत परिसंपत्ति पर पूंजीगत व्यय 572.48 करोड़ रु० तक बढ़ गया। वर्ष के अंत तक शुद्ध प्रगामी पूंजीगत व्यय के लिए सामान्य राजस्व से 468.59 करोड़ रु० की वित्तीय सहायता दी गई।

मानव संसाधन

मानव शक्ति

इस विभाग के कार्मिक ही भारतीय डाक प्रणाली के प्रमुख संसाधन रहे हैं। 31.3.94 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या 5.98 लाख थी। इनमें से 3.07 लाख अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश सेवाएं प्रदान करते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

डाक विभाग के प्रशिक्षण संस्थानों में निम्नलिखित प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं:-

पोस्टल स्टाफ कालेज, भारत, गाजियाबाद

डाक-तार प्रशिक्षण केंद्र, सहारनपुर

वडोदरा, मैसूर, दरभंगा और मदुरै में स्थित डाक प्रशिक्षण केंद्र।

पोस्टल स्टाफ कालेज, भारत, गाजियाबाद एक शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान है, जो डाक विभाग के प्रबंधकीय संवर्गों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इस कालेज का मुख्य उद्देश्य भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों को निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए प्रवेश और सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करना है:-

डाक प्रणाली और अधिक प्रभावशाली और लोगों की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए कर्मचारियों को अपेक्षित जानकारी और दक्षता प्रदान करना और उन्हें व्यवहार कुशल बनाना। पांच क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से प्रचालन संवर्गों के व्यावसायिक प्रशिक्षण का संचालन करना।

डाक प्रणाली के प्रबंध के क्षेत्रों में अनुसंधान का दायित्व लेना, और एक डाक आंकड़ा बैंक और दस्तावेज केंद्रों का निर्माण करना।

इसके अतिरिक्त विश्व डाक संघ और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के अनुरोध पर विदेशी प्रशासनों से संबंधित अधिकारियों के लाभ के लिए डाक सेवाओं के विभिन्न पहलुओं पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं। 1 अप्रैल, 1993 से 31 मार्च, 1994 तक की अवधि के दौरान पोस्टल स्टाफ कालेज, भारत द्वारा 6 प्रवेश और 15 सेवाकालीन पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। कुल मिलाकर 292 अधिकारियों ने, जिनमें 60 विदेशी भी थे, इन पाठ्यक्रमों में भाग लिया। क्षेत्रीय डाक प्रशिक्षण केंद्रों के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:-

अधीक्षकों (डाक और रेल डाक सेवा) और समय मान लिपिकों को प्रवेश प्रशिक्षण प्रदान करना।

डाक और छंटाई सहायकों, पर्यवेक्षकों, निरीक्षकों, सहायक अधीक्षक, डाकघर, पोस्टमास्टरों आदि को सेवाकालीन पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्रदान करना, और

मध्य स्तर के प्रबंधकीय पदों पर पदोन्नत किए गए अधिकारियों को प्रशिक्षण देना और उन्हें उच्च उत्तरदायित्वों को विश्वासपूर्वक निभाने के योग्य बनाना तथा उनमें डाक और रेल डाक सेवा डिवीजनों के प्रबंध को स्वतंत्र रूप से निभाने के लिए आवश्यक समुचित जानकारी और दक्षता विकसित करना।

प्रवेश प्रशिक्षणों के अलावा, आवश्यकता पड़ने पर विदेशी प्रशासनों से संबंधित अधिकारियों के लिए डाक-तार केंद्र, सहारनपुर में पाठ्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। 31.3.94 को समाप्त अवधि तक सभी पांच प्रशिक्षण केंद्रों में कुल 14,347 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। हिन्दी माध्यम में प्रशिक्षण देने पर भी विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अवधि और पाठ्यक्रमों की पाठ्य सामग्री की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। प्रौद्योगिकी अधिष्ठापन के साथ चलने और विभाग के कर्मचारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इन केंद्रों को कम्प्यूटर तथा अन्य प्रशिक्षण उपकरणों, जैसे फिल्म दिखाने के लिए वीडियो रामा प्रोजेक्शन प्रणाली की आपूर्ति भी की गई है।

कर्मचारी संबंध

कर्मचारियों और अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की तीन फेडरेशनों और 27 यूनियनों/एसोसिएशनों के साथ स्वस्थ और सार्थक संबंध बनाए रखने के लिए विभाग प्रयत्नशील रहा। वर्ष के दौरान डाक विभागीय परिषद (जे०सी०एम०) की तीन बैठकें आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान इसकी अपनी समितियों की 20 बैठकें, 8 आवधिक बैठकें, स्थायी समिति की 8 बैठकें और अतिरिक्त विभागीय एजेंटों से संबंधित विभागीय समिति की 2 बैठकें भी आयोजित की गई। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की विभिन्न मांगों का मैत्रीपूर्ण हल ढूंढना था।

कर्मचारी कल्याण

डाक सेवा कर्मचारी कल्याण बोर्ड का उद्देश्य विभाग के कर्मचारियों की सुख-सुविधाओं और कल्याण, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित व विकसित करना, उनका आयोजन करना और उन पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखना है। इस उद्देश्य के लिए बोर्ड को सरकार से सहायता अनुदान प्राप्त हुआ। कर्मचारियों के स्वैच्छिक दान तथा खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा धन राशि एकत्र करने की व्यवस्था अधीनस्थ [illegible]ठनों द्वारा की जाती है।

कल्याण बोर्ड की धन राशि, सामुदायिक केंद्रों, मनोरंजन क्लबों, प्राकृतिक आपदाओं के समय दी जाने वाली राहतों, शिक्षा छात्रवृत्तियों, भ्रमण यात्रा, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों, शिशु-गृहों, स्कूलों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए कल्याणकारी योजनाओं जैसी

कल्याणकारी गतिविधियों के लिए प्रयोग में लाई जाती है। इस वर्ष के दौरान बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 15.35 लाख रु० और भूकंप पीड़ितों के लिए 2 लाख रु० का विशेष आबंटन किया गया।

अवकाश गृह

विभाग अपने कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए 19 स्थानों पर अवकाश गृह चला रहा है।

खेलकूद

वर्ष 1993-94 के दौरान अखिल भारतीय डाक खेलकूद बोर्ड ने इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया- टेबल टेनिस (मध्य प्रदेश), भारोत्तोलन/पावरलिफ्टिंग और सर्वांगीण शारीरिक सौष्ठव (हरियाणा), बैडमिंटन (उड़ीसा), फुटबाल (बिहार), शतरंज (हिमाचल प्रदेश), वालीबॉल (आंध्र प्रदेश), कबड्डी (महाराष्ट्र), एथलेटिक्स और साइक्लिंग (केरल), कुश्ती (पंजाब), बास्केटबॉल (पश्चिम बंगाल), क्रिकेट (राजस्थान) और हाकी (उत्तर प्रदेश) अखिल भारतीय डाक सांस्कृतिक अधिवेशन का आयोजन अहमदाबाद में किया गया।

दक्षता ब्यूरो

दिनांक 29 और 30 जुलाई, 1993 को सर्किल अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सभी मुख्य पोस्टमास्टर जनरलों ने भाग लिया। इसके पश्चात् सभी मैट्रो शहरों के डाक योजना प्रचालन के नियंत्रकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों का उद्देश्य डाक के प्रेषण में विलंब कम करना था। महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनका उद्देश्य विभाग में दक्षता बढ़ाना और उपभोक्ता संतोष में अधिकाधिक वृद्धि करना था। एस०बी०सी०ओ० में खाता मिलान पर अध्ययन किया गया तथा इसकी एक रिपोर्ट तैयार की गई।

आंतरिक कार्य अध्ययन

निम्नलिखित कार्य अध्ययन संचालित किए गए/पूरे किए गए:

- डाकघरों में राष्ट्रीय बचत पत्र में की गई जमा की निकासी से स्रोत पर कर की कटौती।
- एस०डी०आई०, आर०एम०एस० के पद हेतु मानदंड तैयार करने पर कार्य अध्ययन प्रगति पर है।
- बचत बैंक लेखा रिपोर्ट के द्वारा रेलवे पेंशन के भुगतान से संबंधित पुनरीक्षा अध्ययन प्रस्तुत किया गया है और एस०आई०यू० ने नए मानदंडों की जांच कर ली है।
- इंदिरा विकास पत्र के विक्रय/इंदिरा विकास पत्र के भुगतान से संबंधित समूह "ग" कर्मचारियों को मंजूर करने के लिए मानदंड बनाने हेतु कार्य अध्ययन।
- इलेक्ट्रॉनिक जोड़ और सूधीकरण यंत्र के लिए मानदंड निश्चित करने हेतु मानदंड बनाने के लिए कार्य अध्ययन।
- स्पीड पोस्ट सेवा से संबंधित समूह "ग" कर्मचारियों के लिए मानदंड बनाना।
- एस० डी० आई०/ए० एस० पी० ओ० सब डिवीजनों को लिपिकीय सहायता प्रदान करने के लिए मानदंड बनाना।
- एम०एम०एस० में पर्यवेक्षकीय पदों की मंजूरी से संबंधित कार्य के लिए मानदंड बनाना।
- एस०बी०सी०ओ० में खाता मिलान से संबंधित कार्य के लिए मानदंडों में संशोधन।

उच्चतर कार्यनिष्पादन को मान्यता

विभाग सराहनीय सेवा को हमेशा मान्यता प्रदान करता है। जिन कर्मचारियों की योग्यता को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करना अपेक्षित होता है उन्हें मेघदूत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वर्ष 1993-94 में विभाग को अपनी विशिष्ट देन के लिए निम्नलिखित कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और उन्हें मेघदूत पुरस्कार प्रदान किया गया:-

- श्री टी०टी०थॉमस, अतिरिक्त विभागीय शाखा पोस्टमास्टर, केरल सर्किल।
- श्री के०जे० राठौर, अतिरिक्त विभागीय संदेशवाहक, गुजरात सर्किल।
- श्री रहमत अली, पोस्टमैन, राजस्थान सर्किल।
- श्री बी०डी०वत्स, गाइड, पी०ए०, दिल्ली सर्किल।
- श्री जशोबन्त सिंह, छंटाई सहायक, उड़ीसा सर्किल।
- श्री गुलाब सिंह, एस०ए०एस०, हरियाणा सर्किल।
- श्री एम० उमापति, एस०आर०एम०, तमिलनाडु सर्किल।
- श्रीमती मल्लेपल्ली निर्मला, ओ०ए०, आंध्र प्रदेश सर्किल।

राजभाषा को बढ़ावा देना

भारत सरकार की नीति के अनुसार विभाग राजभाषा के रूप में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहा है। मुख्यालय और अपने सभी सर्किल कार्यालयों में भी राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। यह समय-समय पर इस संबंध में लक्ष्यों और निर्देशों के प्रगामी कार्यान्वयन की पुनरीक्षा करती है। पुनरीक्षा के दौरान जो कमियां ध्यान में आती हैं, उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए जाते हैं।

राजभाषा अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के कार्यान्वयन, राजभाषा नीति और सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुपालन की पुनरीक्षा करने के उद्देश्य से विभाग के विभिन्न कार्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान पता लगने वाली कमियों को संबंधित कार्यालयों के ध्यान में लाया जाता है तथा सुझाव दिए जाते हैं। इन उपायों से वांछित प्रगति हुई है। राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के संबंध में दिए गए सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संसदीय राजभाषा समिति विभाग के विभिन्न कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान आवश्यक अनुदेश जारी करती है। इन सुझावों पर अनुवर्ती कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। सर्किल कार्यालयों और अधीनस्थ संगठनों के लिए हिन्दी पुस्तकों की खरीद हेतु सर्किलों को कोष भी प्रदान किए जाते हैं।

राजभाषा के रूप में हिन्दी का अधिकतम

प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग के प्रत्येक सर्किल में वर्ष में कम से कम एक बार "राजभाषा सम्मेलन" का आयोजन करने की योजना शुरू की गई है। क्षेत्र "ग" में स्थित चार सर्किलों में चार राजभाषा सम्मेलन पहले ही आयोजित किए गए हैं। उनके द्वारा महसूस की जा रही कठिनाइयों का निराकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मुख्यालयों और सर्किलों में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने संबंधी अनुदेश भी समय-समय पर जारी किए जाते हैं। विभाग के मुख्यालय और अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन कर कर्मचारियों और अधिकारियों को हिन्दी में कार्य करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

